# भारतीय विद्यालय अल वादी अल कबीर -2025-26

| कक्षा-9 | विभाग: हिंदी | Date – 09.02.26 |
|---|---|---|
| Revision Worksheet | Grammar & Literature MCQ | Note: Pl. file in portfolio |

नाम: ________________ अनुभाग: _____ अनुक्रमांक: _____ दिनांक: ____________

## व्यावहारिक व्याकरण

**प्र. 1.(क)** निम्नलिखित 'शब्द और पद' पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

(i) मोहन दादीजी के लिए **<u>सेब</u>** लाया था। - रेखांकित को क्या कहेंगे?

(ii) शब्द किसे कहते हैं?

(iii) _______ में प्रयुक्त शब्द को पद कहते हैं।

**(ख)** 'अनुस्वार और अनुनासिक' पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-

(i) अनुनासिक 'स्वर' है जबकि अनुस्वार मूलतः _________ है।

(ii) हिंदी में अनुनासिक को प्रकट करने के लिए किस चिह्न का प्रयोग किया जाता है?

(iii) उचित स्थान पर अनुस्वार लगाइए - कम्पन, सवेदना ।

**(ग)** 'उपसर्ग और प्रत्यय' पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-

(i) 'प्र' उपसर्ग से निर्मित दो शब्द लिखिए।

(ii) जो शब्दांश किसी शब्द के अंत लगकर अर्थ में परिवर्तन लाते हैं, उन्हें क्या कहते हैं?

(iii) 'शौक़ीन' शब्द में कौन सा प्रत्यय प्रयुक्त हुआ है?

(iv) 'इयल' प्रत्यय से निर्मित दो शब्द लिखिए।

(v) उपसर्ग और मूल शब्द अलग करके लिखिए- 'हमसफ़र'

**(घ)** 'संधि' पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-

(i) 'नयन' का सही संधि-विच्छेद लिखिए।

(ii) 'अ + इ = ए' किस संधि का सूत्र है?

(iii) संधि-विच्छेद कीजिए- स्वागत

(iv) 'सूर्य + अस्त'- में संधि कीजिए और संधि का भेद भी लिखिए।

**(ङ)** 'विराम-चिह्न' पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-

(i) प्रसन्नता, दुःख, आश्चर्य आदि भाव व्यक्त करने वाले वाक्यों में प्रयोग किए जाने वाले विराम-चिह्न का नाम लिखिए।

(ii) 'इमारत की सीढ़ियाँ चढ़ते-चढ़ते मैं थक गया।' - वाक्य में 'चढ़ते-चढ़ते' के बीच किस चिह्न का प्रयोग हुआ है?

(iii) उचित विराम चिह्नों का प्रयोग कीजिए- सैनिक ने कहा मैं मातृभूमि की रक्षा करूँगा

**(च)** 'अर्थ की दृष्टि से वाक्य-भेद' पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-

(i) 'ओमान की राजधानी मस्कत है।' वाक्य का कौन-सा भेद है?

(ii) आज्ञावाचक वाक्य का एक उदाहरण लिखिए।

(iii) 'सुरेश ने गृहकार्य किया।' वाक्य को निषेधवाचक वाक्य में बदलिए।

**(पाठ्यपुस्तक- पद्य & गद्य )**

**प्र.2.** निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-

जब अप्रैल में मैं बेस कैंप में थी, तेनजिंग अपनी सबसे छोटी सुपुत्री डेकी के साथ हमारे पास आए थे। उन्होंने इस बात पर विशेष महत्त्व दिया कि दल के प्रत्येक सदस्य और प्रत्येक शेरपा कुली से बातचीत की जाए। जब मेरी बारी आई, मैंने अपना परिचय यह कहकर दिया कि मैं बिलकुल ही नौसिखिया हूँ और एवरेस्ट मेरा पहला अभियान है। तेनजिंग हँसे और मुझसे कहा कि एवरेस्ट उनके लिए भी पहला अभियान है, लेकिन यह भी स्पष्ट किया कि शिखर पर पहुँचने से पहले उन्हें सात बार एवरेस्ट पर जाना पड़ा था। फिर अपना हाथ मेरे कंधे पर रखते हुए उन्होंने कहा, "तुम एक पक्की पर्वतीय लड़की लगती हो। तुम्हें तो शिखर पर पहले ही प्रयास में पहुँच जाना चाहिए।"

**(i)** बेस कैंप में आरोहियों से मिलने कौन आया?

(क) कर्नल खुल्लर आए थे। (ख) तेनजिंग अपनी छोटी बेटी डेकी के साथ आए थे।

(ग) शेरपा कुली आए थे। (घ) इनमें से कोई नहीं।

**(ii)** कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए :-

कथन (A): बचेंद्री पाल एवरेस्ट अभियान में भाग लेने से घबरा रही थी।

कारण (R): बचेंद्री पाल नौसिखिया थी और एवरेस्ट पर उसका पहला अभियान था।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों ग़लत हैं।

(ख) कथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी ग़लत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**(iii)** लेखिका ने आगंतुक को अपना परिचय कैसे दिया?

(क मैं स्वस्थ और निडर हूँ। (ख) मैं ख़तरों से खेलना जानती हूँ।

(ग) मैं नौसिखिया हूँ। (घ) मुझे पर्वतारोहण की उचित जानकारी है।

(**iv**)**.** आगंतुक ने लेखिका का हौसला यह कहकर बढ़ाया:-

(1) तुम्हें प्रशिक्षण की आवश्यकता है

(2) तुम्हें पहले प्रयास में ही शिखर पर पहुँच जाना चाहिए।

(3) तुम बहुत आलसी हो।

(4) शिखर पर पहुँचने से पहले आठ बार एवरेस्ट पर जाना पड़ेगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(क) केवल (1) (ख) केवल (2) (ग) (1) तथा (3) (घ) (1) और (2)

(**v**)**.** आगंतुक ने किस बात का विशेष ध्यान रखा?

(क) दल के हर सदस्य से बात की जाए। (ख) केवल कुछ ख़ास लोगों से बात की जाए।

(ग) हर अफसर से बात की जाए । (घ) 'क' और 'ख' सही हैं।

**प्र.3.** निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- **(5×1=5)**

वृक्ष हों भले खड़े,<br>
हों घने, हों बड़े,<br>
एक पत्र - छाँह भी माँग मत, माँग मत, माँग मत!<br>
अग्नि पथ! अग्नि पथ! अग्नि पथ!<br>
तू न थकेगा कभी!<br>
तू न थमेगा कभी!<br>
तू न मुड़ेगा कभी! - कर शपथ, कर शपथ, कर शपथ!<br>
अग्नि पथ! अग्नि पथ! अग्नि पथ!

(**i**)**.** कविता में किस की माँग न करने के बारे में कहा गया है?

(क) सुख रूपी पत्तों की घनी छाया (ख) बूढ़ों का आशीर्वाद

(ग) साधारण छाया (घ) इनमें से कोई नहीं।

(**ii**)**.** कविता में कवि ने शब्दों की पुनरावृत्ति क्यों की है?

(क) सुंदरता के लिए (ख) अपनी बात को प्रभावशाली बनाने के लिए

(ग) अलंकारों के लिए (घ) कवि को नए-नए शब्द नहीं मिले।

(**iii**)**.** कवि शपथ लेने के लिए क्यों कहता है?

(क) शपथ लेना आसान काम है (ख) मानसिक दृढ़ता प्रदान करने के लिए

(ग) प्रशंसा पाने के लिए (घ) उपर्युक्त सभी सही हैं।

(**iv**)**.** द्वितीय काव्यांश में कवि क्या करने के लिए मना करता है?

(क झगड़ा करने के लिए (ख) दोस्तों से मिलने के लिए

(ग) संघर्ष करने के लिए (घ) पीछे मुड़ने के लिए

(v). उपर्युक्त काव्यांश के संबंध में कौन-सा कथन असत्य है?

(क) जीवन में किसी से सहायता लेने में संकोच नहीं करना चाहिए।

(ख) कठिनाइयों से भरा रास्ता ही जीवन है

(ग) हमें मुसीबतों का डटकर सामना करना चाहिए

(घ) व्यक्ति के जीवन में अनगिनत परेशानियाँ और उलझनें आती रहती हैं।

**उत्तर:-** प्र.1. (क) (i).पद (ii) स्वतंत्र सार्थक ध्वनि समूह को शब्द कहते हैं । (iii) वाक्य

(ख)(i) व्यंजन (ii) 'ँ' (iii) कंपन, संवेदना

(ग)(i) प्रबल, प्रयोग (ii) प्रत्यय (iii) 'ईन' (iv) मरियल, सडियल (v) उपसर्ग-हम मूलशब्द-सफ़र

(घ)(i) ने + अन (ii) यण संधि (iii) सु + आगत (iv) गुण संधि (v)सूर्यास्त - दीर्घ संधि

(ङ)(i) विस्मयादिबोधक चिह्न (ii) योजक चिह्न (iii) सैनिक ने कहा, "मैं मातृभूमि की रक्षा करूँगा ।"

(च)(i) सामान्य कथानात्मक (ii) मोहन, तुम अपना काम करो ।(कोई अन्य उचित वाक्य) (iii) सुरेश ने गृहकार्य नहीं किया।'

प्र.2 (i) ख (ii) ग (iii) ग (iv) ख (v) क

प्र.3 (i) क (ii) ख (iii) ख (iv) घ (v) क